e समाचार पत्र

# राष्ट्र महिला

राष्ट्रीय महिला आयोग

खण्ड 1, संख्या 237, सितंबर, 2019

## अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ की 10वीं वर्षगांठ

वर्ष 2008 में प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय द्वारा अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित मुद्दों पर कार्यवाही करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय महिला आयोग को समन्वयक अभिकरण के रूप में नामनिर्देशित किया गया था। तारीख 24 सितंबर, 2019 को अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ की औपचारिक रूप से स्थापना की गई थी और इसका कार्य भारत और विदेश से भारत की भारतीय महिला और किसी दूसरे देश में रह रहे भारतीय पुरूष (एनआरआई–अनिवासी भारतीय), या तो वह भारतीय नागरिक के रूप में हो (जब वह विधिक रूप से कोई अनिवासी भारतीय हो) या अन्य देश का कोई नागरिक हो (जब वह विधिक रूप से पीआईओ–भारतीय मूल का व्यक्ति हो), के बीच वैवाहिक विवादों के संबंध में भारत और विदेश से प्राप्त शिकायतों के संबंध में कार्यवाही करना है।

अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरा करने पर तारीख 27 सितंबर, 2019 को पंजाब स्कूल आफ लॉ एंड नेशनल वीमेन सेंटर, पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला के सहयोग से आयोग द्वारा एक सेमिनार, 'अनिवासी भारतीय विवाहों में अंतर्ग्रस्त विभिन्न मुद्दों के कारण प्रभावित भारतीय महिलाओं को उपलब्ध विधिक उपचारों की प्रभावशीलता के संबंध में विचार–विमर्श करने के लिए, आयोजित किया गया था। आयोग का आशय अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दों पर सामूहिक और व्यापक चर्चा करने का था और विद्यमान दृष्टिकोण और हस्तक्षेप पर पुनःविचार करना था।

माननीय अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने इस सेमिनार की अध्यक्षता की। श्री ए. अशोली चलाई, संयुक्त सचिव, रा.म.आ., डा. बीएस घुमन उप कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री राकेश कुमार, पंजाब राज्य महिला आयोग (अनिवासी भारतीय के लिए), चंडीगढ़ और इस मुद्दें के संबंध में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे अन्य विभिन्न सहयोगियों ने भी सेमिनार में भाग लिया।




## सफल महिलाएं



विंग कमांडर अंजली सिंह वायुसेना पहली भारतीय महिला डिफेंस अटैची बनी। उन्हें डिप्टी एयर अटैची के रूप में मास्को भेजा गया है।



शिक्षाविद् विश्पी बालापोरिया एशियाटिक सोसाइटी, मुंबई की पहली महिला अध्यक्ष बनी।



जनजाति क्षेत्र की अनुप्रिया लाकरा पहली महिला पायलट बनी। वह ओडिसा की है।



पोनुंग डोमिंग अरूणाचल प्रदेश पहली महिला लैफ्टिनेंट कर्नल बनी।

# राज्य महिला आयोगों के साथ पारस्परिक संवाद बैठक

राष्ट्रीय महिला आयोग ने तारीख 30 सितंबर, 2019 को राज्य महिला आयोगों के साथ एक दिन की पारस्परिक संवाद बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता माननीय अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने की और इस बैठक को गुजरात में नर्मदा जिले में आयोजित किया गया। आयोग नियमित अंतराल पर राज्य महिला आयोगों के साथ पारस्परिक संवाद बैठकें संचालित करता है। ये बैठकें आयोगों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है जिससे कि सभी आयोग पूरे देश की महिलाओं की बेहतरी के लिए एक ससंजक इकाई के रूप में कार्यकुशलता से एक साथ काम करने के लिए समर्थ हो सके। विभिन्न आयोगों के सदस्यों और अध्यक्षों ने इस बैठक में महिलाओं से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचारों का आदान–प्रदान किया।

# महिलाओं से संबंधित समाचार

भारतीय सेना का लक्ष्य अगले 17 वर्ष के लिए प्रतिवर्ष 100 महिला सैनिकों को भर्ती करने का है जिससे सेना पुलिस में महिला सैनिकों की संख्या 1700 तक पहुंच सके। रिपोर्टों के अनुसार पहली 100 महिला सैनिकों का चयन करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और इस वर्ष दिसंबर से उनका प्रशिक्षण (61 सप्ताह का) आरंभ हो जाएगा।





इस महीने पटना में पहला महिला डाकघर आरंभ किया गया है, इस डाकघर का नाम 'महिला डाकघर' रखा गया है, यह डाकघर लोक सेवा आयोग के परिसर में अवस्थित है। यह महिला डाकघर पारंपरिक और आधुनिक दोनों सेवाएं प्रदान करेगा। भारत में डाकघरों का उपयोग केवल डाक या स्पीड पोस्ट मदों, पत्रों या दस्तावेजों के लिए ही नहीं किया जाता है अपितु यह बिलों का भुगतान करने, डाक योजनाओं के अधीन सावधि जमा को पंजीबद्ध करने और रकम भेजने के लिए भी किया जाता है।

संयुक्त राष्ट्रीय दीर्घकालिक विकास लक्ष्य (एसडीजी) (यूनाईटेड नेशन सस्टेनेबल डेवल्पमेंट गॉल्स (एसडीजी)) के दिशा निर्देशों के अनुसार जेंडर पार्क के अधीन भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय महिला व्यापार केंद्र (आईडब्ल्यूटीसी) स्थापित किया जा रहा है। इस केंद्र को कोझिकोड में स्थापित किया जाएगा और इसका लक्ष्य लिंग वेतन समानता सुरक्षित करने का भी है।



# क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ

### साइबर सुरक्षा और अन्वेषण पर एक दिन का सत्र

राष्ट्रीय महिला आयोग ने पूरे देश के पुलिस अधिकारियों के लिए तारीख 25 सितंबर, 2019 को 'साइबर सुरक्षा और अन्वेषण' पर एक दिन का सत्र आयोजित किया। साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे कि साइबर अपराध पर विधि प्रवर्तित करने वाले अभिकरणों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता, महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराधों पर विधियां, साक्ष्य इकट्ठा करना और विषयवस्तु को हटाना, साइबरों





अपराधों को रोकने में सरकार की भूमिका तथा ऑनलाइन वित्तीय कपट पर इस सत्र में भाग लेने वाले 87 व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यार्थियों के लिए लिंग संवेदनशीलता और विधिक जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय महिला आयोग का यह मत है कि विद्यालय स्तर पर लिंग संवेदनशीलता और विधिक जागरूकता कार्यक्रम आरंभ करने से युवा लड़कों और लड़कियों के लिए समानता, समावेशी और विभिन्नता के मूल्य को समझना आसान होगा जो कि स्वस्थ समाज का निर्माण करने के लिए आवश्यक है। इस विचार के साथ आयोग ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहयोग से केंद्रीय विद्यालय (दिल्ली क्षेत्र) के 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए लिंग संवेदनशीलता और विधिक जागरूकता का व्यापक और एकीकृत एक प्रायोगिक कार्यक्रम आरंभ किया है। यह कार्यक्रम तारीख 11 सितंबर, 2019 को आरंभ किया गया।

### महाविद्यालय, केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के विद्यालयों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय महिला आयोग ने तारीख 9 सितंबर, 2019 को केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालय और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा माने गए विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए पूरे देश में एक दिन का विधिक जागरूकता कार्यक्रम आरंभ किया है। इस पहल के लिए अभी तक 92 संस्थाओं ने सहमति दी है।

## लिंग संवेदनशीलता कार्यशाला

राष्ट्रीय महिला आयोग पूरे देश में पुलिस कर्मचारियों/न्यायिक अधिकारियों के लिए लिंग संवेदनशीलता कार्यशाला और कार्यक्रम इस उद्देश्य के साथ संचालित कर रहा है जिससे कि उन्हें लिंग मुद्दों पर संवेदीग्राही बनाया जा सके। आयोग ने नीचे दी गई सारणी के अनुसार राज्यों के सहयोग से निम्नलिखित शहरों में एक दिन की लिंग संवेदनशीलता कार्यशालाएं आयोजित की।

| क्र. सं. | शहर | राज्य | तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | चंडीगढ़ | पंजाब | 16 सितंबर, 2019 |
| 2. | मुंबई | महाराष्ट्र | 23 सितंबर, 2019 |
| 3. | पटना | बिहार | 27 सितंबर, 2019 |
| 4. | हरिद्वार | उत्तराखंड | 30 सितंबर, 2019 |
| 5. | जयपुर | राजस्थान | 30 सितंबर, 2019 |

### महिला पुलिस कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम

इसके अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला पुलिस कर्मचारियों के लिए तीन दिन का क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित किया। नीचे दी गई सारणी में इन कार्यक्रमों के ब्यौरे दिए गए हैः

| क्र. सं. | शहर | राज्य | तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | शिमला | हिमाचल प्रदेश | 11–13 सितंबर, 2019 |
| 2. | पुडुचेरी | – | 18–20 सितंबर, 2019 |

### सितंबर 2019 में स्वप्रेरणा प्रकोष्ठ को प्राप्त शिकायतें और सुलझाई गई शिकायतें

| क्र. सं. | मास | कार्रवाई किए गए मामलों की संख्या | की गई कार्रवाई रिपोर्टों की संख्या जिनके उत्तर प्राप्त हो गए है | बंद किए गए मामलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सितंबर, 2019 | 16 | 42 | 11 |

### कार्यक्रमों में भाग लिया

**अध्यक्ष, श्रीमती रेखा शर्मा**

- तारीख 6 और 7 सितंबर, 2019 को तमिलनाडू में महिलाओं के लिए केंद्रीय सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने की बाबत चैन्नई में राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ बैठक की।
- तारीख 8 सितंबर, 2019 को चैन्नई में 'विकास बनाए रखने के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण' पर एक परामर्श कार्यशाला में भाग लिया।
- तारीख 20 सितंबर, 2019 को मुजफ्फरपुर में स्वाधार गृह की पूर्व संवासी से एक बलात्कार के मामले की जांच–पड़ताल की।
- तारीख 27 सितंबर, 2019 को अहमदाबाद में जीएलएस विधि महाविद्यालय द्वारा आयोजित लिंग संवेदीकरण, 'लिंग समानताः पैमाना कभी भी समान नहीं होता' पर एक सेमिनार की अध्यक्षता की।





### सदस्य, चंद्रमुखी देवी

- तारीख 14 से 21 सितंबर, 2019 तक ओडिसा के जिले कांधामाल, गजपति, रायगडा, कारापुट और नबरंगपुर का दौरा राज्य में केंद्रीय सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का पता लगाने के लिए किया।



### सदस्य, कमलेश गौतम

- तारीख 13 सितंबर, 2019 को एक मामले की जांच पड़ताल करने के लिए चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर का दौरा किया।

### सदस्य, सोसो शाइजा

- तारीख 23 से 27 सितंबर, 2019 तक असम के उडालगुड़ी, बाक्सा, बारापेटा, दरंग और गोपालजारा जिलों का दौरा राज्य में केंद्रीय सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का पता लगाने के लिए किया।




- तारीख 13 सितंबर, 2019 को गांधी पीस फांउडेशन में 'जस्टिस फॉर वीमेन फ्राम मार्जिन' पर राष्ट्रीय दलित आदिवासी महिला आंदोलन (आरडीएएमए) सम्मेलन में भाग लिया।
- तारीख 16 सितंबर, 2019 को मुख्य अतिथि के रूप में मणिपुर राज्य महिला आयोग के 13वें स्थापना दिवस में भाग लिया।

### सदस्य, डा. राजुलबेन एल देसाई

- तारीख 17 से 25 सितंबर, 2019 तक राजस्थान के कारौली, ढोलपुर, जैसलमेर, बाड़मेर और सिरोही जिलों का दौरा राज्य में केंद्रीय सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का पता लगाने के लिए किया।



### सदस्य, श्यामला एस कुंदर

- तारीख 30 सितंबर, 2019 को वाराणसी में स्वाधार गृह का दौरा किया।



## सितंबर, 2019 में अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त शिकायतें और सुलझाई गई शिकायतें

| मास | प्राप्त शिकायतें | बंद शिकायतें (पुरानी + नई) |
|---|---|---|
| सितंबर, 2019 | 55 | 11 |

## सितंबर, 2019 में शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतें और सुलझाई गई शिकायतें

| मास | प्राप्त शिकायतें | बंद शिकायतें (पुरानी + नई) |
|---|---|---|
| सितंबर, 2019 | 2379 | 1746 |

**राष्ट्रीय महिला आयोग,** प्लॉट नं. 21, **जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया,** नई दिल्ली– 110025 द्वारा प्रकाशित।
डायलः 011-26942369, 26944740, 26944754, 26944805, 26944809
**डॉलफिन प्रिंटा–ग्राफिक्स,** 1ई/18, चौथा तल, झण्डेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 #011-23593541-42.